संख्या-60/2024/001-1206-12-5002-002-1-2022

प्रेषक,

विनोद कुमार सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक
उत्तर प्रदेश,
कृषि भवन, लखनऊ।

कृषि अनुभाग-5 **लखनऊ : दिनांक 11 नवम्बर, 2024**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म, 111-कृषि अर्थ व्यवस्था तथा सांख्यिकी, 01-केन्द्र प्रायोजित योजनाएँ, 0104-इन्ट्रीगेटेड स्कीम आन एग्रीकल्चर सेन्सस इकोनामिक्स एण्ड स्टैटिस्टिक्स योजनान्तर्गत वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उ०प्र० के पत्रांक-एस0-3653/ इन्ट्रीग्रेटेड वि0स्वी0प्रस्ताव/2024-25, दिनांक 17.10.2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2401-फसल कृषि कर्म, 111-कृषि अर्थ व्यवस्था तथा सांख्यिकी, 01-केन्द्र प्रायोजित योजनाएँ, 0104-इन्ट्रीगेटेड स्कीम आन एग्रीकल्चर सेन्सस इकोनामिक्स एण्ड स्टैटिस्टिक्स योजनान्तर्गत प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष मानक मद 01-वेतन में रू० 100.00 लाख, 03-महंगाई भत्ता में रू० 54.00 लाख एवं 55-मकान किराया भत्ता में रू० 26.00 लाख अर्थात कुल रू० 180.00 लाख (रूपया एक करोड़ अस्सी लाख मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर रखे जाने की निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

1- स्वीकृत धनराशि मात्र वेतन, भत्ते एवं आवश्यक अधिष्ठान मदों पर ही व्यय की जाए। कृषि निदेशक, उ0प्र0 यह सुनिश्चियत करेंगें कि समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेशों का अनुपालन किया जा रहा है।
2- प्रश्नगत योजनान्तर्गत भारत सरकार से धनराशि प्राप्त होने पर स्वीकृत धनराशि का तत्काल समायोजन सुनिश्चित किया जायेगा।
3- स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुमोदित परियोजना/प्रस्ताव के अनुरूप भारत सरकार की गाइडलाइन/दिशा-निर्देशों एवं संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा।
4- स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए तथा भारत सरकार से सहमति के अनुरूप किया जायेगा।
5- स्वीकृत धनराशि का आहरण एकमुश्त न करते हुए आवश्यकतानुसार किया जायेगा।
6- स्वीकृत धनराशि का व्यय उन्हीं मदों पर किया जायेगा, जिस मद के लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किसी अन्य मद में न ही इसका व्यय किया जायेगा और न ही एक मद से दूसरे मद में इसका व्यावर्तन किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

7- यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे मद में राज्य सरकार या अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है और न ही कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है अथवा किसी प्रकार की द्विरावृत्ति न हो।

8- ऑकड़ों की शुद्धता का दायित्व कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश का होगा।

9- शासकीय व्यय में मितव्ययिता आवश्यक है, अत: वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों सहित मितव्ययिता के संबंध में जारी शासनादेश का पालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कृषि निदेशक, उ०प्र० का होगा।

10- स्वीकृत धनराशि का व्यय शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06.06.1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

11- व्यय प्रबंधन एवं शासकीय व्यय में मितव्यता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

12- स्वीकृत धनराशि का आहरण/व्यय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/ 2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य सुसंगत दिशा-निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **लेखाशीर्ष:** 2401001110104 (इन्टीग्रेटेड स्कीम ऑन एग्रीकल्चर सेन्सस, इकोनॉमिक्स एण्ड स्टेटिसटिक्स योजनान्तर्गत वेतन का भुगतान)

	अनुदान संख्या	**लेखा शीर्षक**	**मानक मद**	**प्रस्तावित धनराशि**
1	011	2401001110104 इन्टीग्रेटेड स्कीम ऑन एग्रीकल्चर सेन्सस, इकोनॉमिक्स एण्ड स्टेटिसटिक्स योजनान्तर्गत वेतन का भुगतान	01 वेतन	1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)
2	011	2401001110104 इन्टीग्रेटेड स्कीम ऑन एग्रीकल्चर सेन्सस, इकोनॉमिक्स एण्ड स्टेटिसटिक्स योजनान्तर्गत वेतन का भुगतान	03 मंहगाई भत्ता	54,00,000 (रुपये चौवन लाख मात्र)
3	011	2401001110104 इन्टीग्रेटेड स्कीम ऑन एग्रीकल्चर सेन्सस, इकोनॉमिक्स एण्ड स्टेटिसटिक्स योजनान्तर्गत वेतन का भुगतान	55 मकान किराया भत्ता	26,00,000 (रुपये छब्बीस लाख मात्र)
	कुल			**1,80,00,000** **(रुपये एक करोड़ अस्सी लाख मात्र)**

महायोग	1,80,00,000 (रुपये एक करोड़ अस्सी लाख मात्र)

के नामे डाला जायेगा।

http://sirsaanadesh.up.gov.in

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या **E-1-185-X-2024-25, दिनांक 30-10-2024** में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
विनोद कुमार सिंह
उप सचिव।

संख्या-60/2024/001-1206-12-5002-002-1-2022, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3. प्रधान महालेखाकार (आडिट/सिविल) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
4. सचिव, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय (कृषि एवं सहकारिता विभाग), कृषि भवन, नई दिल्ली ।
5. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय (कृषि एवं सहकारिता विभाग), कृषि भवन, नई दिल्ली।
6. अपर सचिव, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय (कृषि एवं सहकारिता विभाग), कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. वित्त नियंत्रक, कृषि निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
10. सहायक निदेशक (कम्प्यूटर एवं समन्वय), कृषि भवन, लखनऊ।
11. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-3।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
विनोद कुमार सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in